# फल और सब्ज़ियां बेचना

## किसान बाज़ारों के लिए जानकारी

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फलों की मक्खी के प्रकोप का मतलब है कि उन फलों और सब्ज़ियों को बेचने वाले स्थानीय व्यवसायों पर प्रतिबंध लागू हैं, जिनपर फलों की मक्खी का ख़तरा है। इन्हें होस्ट (मेज़बान) उत्पाद कहा जाता है।

**यह बाज़ार फल मक्खी के प्रकोप वाले लाल क्षेत्र में स्थित है।**

**fruitfly.sa.gov.au/outbreak-map** पर जा कर पता लगाएँ कि फल की मक्खी का प्रकोप कहाँ मौजूद है।

# आपको क्या करने की आवश्यकता है

यदि आप फल की मक्खी (फ्रूट फ्लाई) के प्रकोप वाले लाल क्षेत्र में मेज़बान फल और सब्ज़ियां (संलग्न सूची देखें) बेचना जारी रखना चाहते हैं तो आपको कुछ चीज़ें करनी पड़ेंगी।

## मेज़बान फल और सब्जियों की सुरक्षा करें

फल की मक्खी से सभी मेज़बान फल और सब्जियों (संलग्न उत्पाद सूची देखें) की हर समय सुरक्षा करें, जिस में शामिल है जब आप बाज़ार में प्रवेश कर रहे हों, इन्हें बेच रहे हों और जब बाज़ार से जा रहे हों। फलों और सब्ज़ियों को फल की मक्खी से बचाने के तरीकों में शामिल हैं:

- ✓ प्लास्टिक बैग (बंधे या सील किए गए, इनमें बने छेद 1.6 मिलीमीटर से अधिक बड़े न हों )
- ✓ क्लिंग रैप की गई ट्रे।
- ✓ टेप से सील किए गए कार्डबोर्ड बॉक्स (कोई छेद न हों)
- ✓ फ्लाई प्रूफ नेटिंग (जाल) के साथ उपज को कवर करना
- ✓ उत्पाद को किसी सुरक्षित वाहन में लाना-लेजाना (किसी खुले यूट (ute) या ट्रेलर में नहीं)
- ✓ उपज को 13 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना

# केवल उतना ही उत्पाद लें जितना आपको चाहिए

PIRSA की पुरज़ोर सिफ़ारिश है कि केवल उतना ही उत्पाद लें जितना आपको उस दिन के कारोबार के लिए आवश्यक है। यदि दिन का अंत होने पर आपके पास अतिरिक्त मेज़बान फल और सब्ज़ियाँ बच जाते हैं, तो अपने उत्पाद को लाल प्रकोप वाले और पीले निलंबन क्षेत्र के बाहर ले जाने के लिए, यातायात, भंडारण और बाज़ार में प्रदर्शन पर लगाते हुए हर समय उसको फल की मक्खी से सुरक्षित रखना होगा।

## मेज़बान फल और सब्ज़ियों को जुटाना

- ✗ आप लाल प्रकोप वाले और पीले निलंबित क्षेत्र में उगाए गए फलों और सब्ज़ियों को बेच या दान नहीं कर सकते जब तक कि उनके ऊपर फल की मक्खी को नियंत्रित करने वाला कोई स्वीकृति प्राप्त उपचार न किया गया हो और PIRSA द्वारा अनुमति प्राप्त न हो। प्रकोप नक्शा देखें **fruitfly.sa.gov.au/outbreak-map**

- ✗ मेज़बान फलों और सब्ज़ियों को ले जाने से जुड़े प्रतिबंधों को समझें। इन्हें लाल प्रकोप वाले या पीले निलंबित क्षेत्र से बाहर **नही निकाला जा सकता**, जब तक कि उन्हें भंडारण के दौरान, बाज़ार में प्रदर्शित किए जाने के समय, बाज़ार से लेकर आने और लेकर जाने के दौरान ढक कर और सुरक्षित न रखा गया हो।

## मेज़बान फलों और सब्जियों का निपटान



अवांछित फल और सब्ज़ियां आपके हरे कचरे के डिब्बे में जाने चाहिए। यदि आपके पास हरे बिन की पहुंच प्राप्त नहीं है, तो इस व्यर्थ सामान को दोहरे बैग में डालें और उसे सामान्य कचरे के डिब्बे (general waste bin) में डाल दें।

## आपके सहयोग के लिए धन्यवाद

आपकी मदद से हम दक्षिण ऑस्ट्रेलिया को फलों की मक्खी से बचा सकते हैं। अगर आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो **1300 666 010** रीसेप्शन को फ़ोन करें। स्टॉलधारकों की सहायता हेतु किसी भी प्रकार के प्रश्नों के लिए हमारे निरीक्षक बाज़ारों में भी मौजूद रहेंगे।

कृपया अपनी जानकारी को नवीनतम बनाए रखें और प्रतिबंधों को समझें - **fruitfly.sa.gov.au** पर जाएँ।

# क्वीन्सलैंड और मेडिटेरेनियन फ्रूट फ्लाई के लिए मेज़बान फल और सब्ज़ियां

